हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 08 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज चंडीगढ़ में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तीन दिन के इंडिया ज़ोन-टू सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एक रिपोर्ट-

सम्मेलन का उद्घाटन हरियाणा विधानसभा में बाद दोपहर 3:00 बजे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। उद्घाटन सत्र से पहले सेरेमोनियल गेट पर लोकसभा अध्यक्ष को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अन्य गणमान्य व्यक्ति उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। उद्घाटन सत्र के बाद टैगोर थिएटर में संस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण में विधानमंडलों की भूमिका, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस और लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूत बनाने जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा। आश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़।

इस कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, देश भर की 15 विधानसभाओं के पीठासीन और उपपीठासीन अधिकारी तथा विधानसभा सदस्य शामिल होंगे।

केन्द्रीय संसदीय और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आकाशवाणी के गौरवशाली 90 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। श्री रिजिजू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि आज पूरा राष्ट्र आकाशवाणी से जुड़ा है। आकाशवाणी के माध्यम से एक भारत- श्रेष्ठ भारत की भावना सशक्त हो रही है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंचायत के स्वामित्व वाली भूमियों पर भी प्राकृतिक व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नीति बनाई जाएगी। कृषि विभाग के स्वामित्व वाली लगभग 800 एकड़ भूमि केवल उन्हीं किसानों को पट्टे पर दी जाएगी, जो कम से कम अगले 10 वर्ष तक उसमें प्राकृतिक व जैविक खेती करेंगे।

मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा एवं क्लस्टर गठन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित "कृषि कार्यशाला" को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत , हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि एपेडा एजेंसी से प्रमाणित प्राकृतिक व जैविक खेत कर रहे किसानों को 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रति वर्ष 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

जैविक खेती प्रमाणीकरण के लिए हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी को एक प्रमाणीकरण संस्था बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, रोहतक, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, चरखी दादरी व नारनौल में प्राकृतिक व जैविक किसानों को कृषि उपज बेचने के लिए मंडियों में जगह उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही, परीक्षण हेतु प्रयोगशालाएं तथा प्रमाणीकरण के लिए एपेडा द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्र स्थापित किए जाएंगे, ताकि किसानों को अपनी प्राकृतिक व जैविक कृषि उपज बेचने के लिए बेहतर बाजार मिल सकें।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एन-टी-ए ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के लिए उन शहरों की सूची जारी कर दी है, जहां पर यह परीक्षा ली जाएगी।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि पंजीकृत उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन करके अपने परीक्षा शहर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

एनटीए द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार पुनः परीक्षा 21 जून को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक पैन और पेपर मोड में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा देश के 5 हजार 511 और विदेश के 14 शहरों में होगी। एनटीए ने स्पष्ट किया है परीक्षा शहर सूचना पर्ची प्रवेश पत्र नहीं है, इसे केवल अभ्यर्थियों को यह जानकारी देने के लिए जारी किया गया है कि उनका परीक्षा केंद्र किस शहर में होगा। एजेंसी ने उम्मीदवारों से परीक्षा और प्रवेश पत्र से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइटों पर नियमित रूप से नजर बनाए रखने की अपील की है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल ओमैक्स टी-20 चंडीगढ़ प्रीमियर लीग-2026 के चौथे संस्करण की ट्रॉफी का अनावरण किया। अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें अनुशासित, स्वस्थ एवं आत्मविश्वासी नागरिक बनाने का सबसे प्रभावी साधन हैं। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को सकारात्मक दृष्टिकोण देता है और खिलाड़ियों को हमेशा नई ऊंचाइयां छूने का मौका देता है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा, चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री संजय टंडन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व खेल जगत की हस्तियां मौजूद रहीं।